दिनाक ९/५/८२ को श्री पार्श्वनाथ चूलगिरि अतिशय क्षेत्र जयपुर मे आयोजित पचकल्याणक महोत्सव पर प्रकाशित

⁜ प्रथम सस्करण : ११०० प्रतियां

⁜ मूल्य स्वाध्याय / १५ रुपये

(डाक व्यय अतिरिक्त)

⁜ मुद्रक — मूनलाइट प्रिन्टर्स, जयपुर-३

⁜ ब्लाक निर्माता — जुब्ली ब्लाक वर्क्स, जयपुर

प्राप्ति स्थान :

शान्ति कुमार गगवाल

प्रकाशन सयोजक

श्री दिगम्बर जैन कुन्थु विजय ग्रन्थ माला समिति

कार्यालय — १९३६ घीवालो का रास्ता,

कसेरो की गली, जौहरी बाजार

जयपुर-३०२ ००३ (राजस्थान)

श्री १००८ भगवान पार्श्वनाथ

परम पूज्य समाधि सम्राट् तीर्थभक्त शिरोमणि १०८ परम्पराचार्य
परमेष्ठी श्री महावीर कीर्त्तिजी गुरु महाराज

श्री गणिनी १०५ आर्यिका विदुषी रत्न, सम्यकज्ञान शिरोमणि
सिद्धान्त विशारद विजयमति माताजी

शुभाशीर्वाद एवं शुभ कामनाएँ

स्थान—खानियाँ, जयपुर

दिनाक ७-४-८२

भारत गौरव, विद्यालकार, सम्यक्त्व चूडामणि आचार्यरत्न १०८ श्री देशभूषणजी महाराज का मंगलमय आशीर्वाद।

गणधराचार्य १०८ श्री कुन्थुसागर जी महाराज ने राजस्थान का होते हुए भी कन्नड भापा का अच्छी तरह से अध्ययन करके "श्री चतुर्विशति तीर्थङ्कर अनाहत यत्र मत्र विधि" कन्नड भापा के प्राचीन ग्रंथ का प्रयत्न पूर्वक सशोधन करके अनुवाद किया है। आज के युग मे प्राचीन साहित्य का प्रकाशन होना अत्यन्त आवश्यक है। आपका प्रयास सफल होवे। जन-जन के मन मे इस पुस्तक के प्रति आदर भाव रहे।

इति भद्र भूयात्।   इति आशीर्वाद।

आचार्य श्री १०८ देशभूषण

हरिश्चन्द्र कोलिया
15, नवजीवन उपवन,
मोती डूंगरी रोड, जयपुर-4

स्थान—हुम्मच
दि. ३०. ३. ८२

निमित्तज्ञान शिरोमणि श्री १०८
आचार्य विमलसागरजी
महाराज का मंगलमय
शुभाशीर्वाद ।

आपका प्रकाशन अच्छा और साफ है। ग्रन्थमाला समिति द्वारा श्री चतुर्विशति तीर्थकर अनाहत यत्र मत्र विधि पुस्तक का प्रकाशन होने वाला है, उसके लिए पुस्तक के अनुवादकर्त्ता श्री १०८ गणधराचार्य कुन्थु सागर जी महाराज व प्रकाशन सयोजक श्री शान्तिकुमार गगवाल के लिये मेरा भूरि-भूरि शुभाशीर्वाद है। यह पुस्तक भव्यो के लिये कार्यकारी हो, मंगलमय हो, ऐसी मेरी कामना है।

श्री १०८ आचार्य विमलसागर

स्थान—श्री दिगम्बर जैन मन्दिर
धरियावद (उदयपुर)
दि. ११. ४. ८२

परमपूज्य श्री १०८ आचार्यरत्न
श्री धर्मसागर जी महाराज
का मगलमय आशीर्वाद।

बडे हर्ष का विषय है कि आपकी ग्रन्थमाला समिति "लघुविद्यानुवाद ग्रथ" के पश्चात एक और श्री चतुर्विशति तीर्थङ्कर अनाहत यत्र मत्र विधि नामक पुस्तक का प्रकाशन करने जा रही है। कन्नड से राष्ट्रीय हिन्दी भाषा मे अनुवाद होने पर यह पुस्तक (ग्रन्थ) सर्वसाधारण के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगी।

आपको एव समिति के सभी कार्यकर्ताओ को आशीर्वाद देते हुए आशा करता हू कि भविष्य मे भी आर्ष परम्परागत महत्वपूर्ण धार्मिक ग्रन्थो का आप प्रकाशन करते रहेगे।

श्री १०८ आचार्य धर्मसागर

श्री गणिनी १०५ आर्यिका विदुषीरत्न, सम्यग्ज्ञान शिरोमणि सिद्धान्त विशारद विजयमती माताजी का मंगलमय आशीर्वाद।

ग्रन्थमाला समिति द्वारा श्री चतुर्विशति तीर्थ कर अनाहत यत्र मत्र विधि पुस्तक का प्रकाशन करवाया जा रहा है, यह समाचार अवगत हुए। श्री शातिकुमार जी गगवाल को मेरा पूर्ण आशीर्वाद है कि वे अपने प्रकाशन कार्य मे सलग्न रहकर पूण सफलता प्राप्त करे। यह पुस्तक जन कल्याण मैं कार्यकारी सिद्ध हो, यही मेरी भावना है।

श्री गणिनी १०५ आर्यिका विजयमति

स्थान—उदयपुर

परमपूज्य विदुषीरत्न श्री १०५ आर्यिका विशुद्धमति माताजी का मंगलमय आशीर्वाद।

सर्व द्रव्यो मे आत्मद्रव्य अनुपम द्रव्य है, क्योकि यह चैतन्य-मयी है। आत्मा की सर्वोत्कृष्ट उपलब्धि है केवलज्ञान, जिसकी शक्ति प्रत्येक आत्मा मे विद्यमान है। तब जाति स्मरण, अवधि ज्ञान, निमित्तज्ञान एव अनेक ऋद्धि सिद्धि की शक्तियाँ तो आत्मा मे है ही, किन्तु हमे उन पर विश्वास नही है।

जैसे सुरीला ली हुई औषधि हमारी रुग्ण पर्याय का शमन कर निरोग पर्याय को प्रगट कर देती है, वैसे ही यन्त्र, मन्त्र, तन्त्र आदि के प्रयोग आत्म निहित अनेक शक्तियो को प्रगट करने की क्षमता रखते है। वीणा के तारो पर अगुली के स्पर्श से उठने वाली झकार सदृश विधिपूर्वक साधित यन्त्र मन्त्र आत्मिक शक्तियो को झकृत कर देते है।

यह विद्या एक प्रकार से मृतप्राय हो रही है। परम पूज्य गणधराचार्य १०८ श्री कुथुसागरजी महाराज ने इसे पुन जीवन

प्रदान करने हेतु कदम उठा रहे है, यह अति प्रसन्नता की बात है। आपने श्री चतुर्विंशति तीर्थकर अनाहत यत्र मत्र विधि ग्रन्थ का कन्नड भाषा से हिन्दी मे अनुवाद किया है जो इस पुस्तक मे प्रकाशित होने जा रहा है। यह ग्रन्थ आत्म शक्तियो को प्रगट करने मे सक्षम हो, यही मगल कामना है।

देव शास्त्र गुरु भक्त शान्तिकुमारजी गगवाल आदि सभी कार्यकर्त्ता अत्यन्त सलग्नता पूर्वक ग्रन्थ प्रकाशन के कार्य को सम्पन्न कर रहे है उन्हे इसमे पूर्ण सफलता प्राप्त हो और वे जिनवाणी की सेवा के फलस्वरूप परम्पराय केवलज्ञान के भाजन बनें, यही उनके प्रति मेरा शुभाशीर्वाद है।

श्री १०५ आर्यिका विशुद्धमति

स्थान-मोजमाबाद

श्री १०५ क्षुल्लक सिद्धसागरजी
महाराज का आशीर्वाद

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि श्री दिगम्बर जैन कुन्थु विजय ग्रन्थमाला समिति, जयपुर (राजस्थान) बहुत ही कम समय मे दूसरी पुस्तक श्री चतुर्विंशति तीर्थङ्कर अनाहत यंत्र मंत्र विधि का प्रकाशन करवा रही है। ग्रन्थ का अनुवाद कन्नड भाषा से हिन्दी भाषा मे परम पूज्य श्री १०८ गणधराचार्य कुंथुसागरजी महाराज ने बहुत ही परिश्रम से किया है। मैंने इस पुस्तक का अवलोकन किया है। अवलोकन करने से यह निश्चय हुआ है कि लोक कल्याण मे अवश्य ही उपयोगी रहेगी। पुस्तक प्रकाशन कार्य मे कार्यरत प्रकाशन संयोजक श्री शान्तिकुमारजी गंगवाल व इनके सभी सहयोगी शुभाशीर्वाद के पात्र है।

इनके प्रयत्न सराहनीय है। इनको इस कार्य मे सफलता प्राप्त हो, ऐसा मेरा इनको आशीर्वाद है।

- क्षुल्लक सिद्धसागर

स्थान :-खानियाँ, जयपुर
दिनाक १८-४-८२

श्री १०५ क्षुल्लक सन्मतिसागरजी
"ज्ञानानन्दजी" महाराज का
शुभाशीर्वाद

श्री तीर्थ कर परमदेवाय नम

यत्र मत्र तत्र जैन दर्शन की प्राचीन निधि है। श्री दिगम्बर जैन कुन्थु विजय ग्रन्थमाला समिति जयपुर (राजस्थान) द्वारा अभी-अभी लघुविद्यानुवाद ग्रन्थ प्रकाशित किया गया है और अब पूज्य श्री १०८ गणधराचार्य कुन्थुसागरजी महाराज द्वारा कन्नड भाषा से हिन्दी भाषान्तरित श्री चतुर्विंशति तीर्थ कर अनाहत यत्र मत्र विधि नामक पुस्तक का प्रकाशन किया जा रहा है। आशा है यह समाज के लिये सुख शान्ति का कारण बनेगी।

पूज्य श्री १०८ गणधराचार्य कुन्थुसागरजी महाराज से मेरा निकट का परिचय है। समता और वात्सल्य तथा निर्ग्रन्थता आपके विशेष गुण कहे जा सकते है। आपका सघ सग मे निर्लिप्त रहता हुआ स्वपर कल्याण मे अग्रणीय है।

श्री शान्तिकुमारजी गगवाल का पुरुपार्थ सराहनीय है। आप जिस कार्य को हाथ मे लेते है पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निभाते है। भगवान महावीर के २५००वे निर्वाण महोत्सव वर्ष मे आप व

आपके अन्य सहयोगियो द्वारा चौवीस तीर्थंकरो की जन्म जयन्ती महोत्सवो मे आपकी लगनशीलता का समाज को विशेष परिचय मिला है। आप सगीत कला के भी विशेषज्ञ है जिससे समाज विशेष लाभान्वित है।

मेरा श्री शान्तिकुमारजी गगवाल एव उनके सहयोगी समिति के अन्य सदस्यगणो को पूर्ण आशीर्वाद है कि यह इसी प्रकार से गुरुभक्ति, समाजसेवा एव सम्यक् साहित्य का प्रकाशन कर सम्यकज्ञान के प्रचार एव प्रसार मे सफल हो।

क्षुल्लक सन्मतिसागर

४८/२, रावजी बाजार, इन्दौर

दिनाक ८-४-८२

डॉ० प्रो० अक्षयकुमार जैन

एम. ए (हिन्दी-सस्कृत) एफ जे पी एच साहित्य-आयुर्वेद धर्म-रत्न सिद्धात शास्त्री सम्पादन कला विशारद आर. एम पी फलित ज्योतिष विशेषज्ञ।

मुझे यह जानकर हार्दिक आनन्द हुआ कि कन्नड भाषा के ग्रन्थरत्न श्री चतुर्विशति तीर्थकर अनाहत यत्र मत्र विधि का गणधराचार्य पूज्य १०८ श्री कुन्थुसागरजी महाराज द्वारा हिन्दी अनुवाद ग्रन्थमाला प्रकाशित कर रही है।

दक्षिण के साहित्य की यह अनुपम सारस्वत निधि उत्तर के जिज्ञासुओ और मुमुक्षुओं को शाति सतोषामृत पान तो करावेगी ही साथ ही चौबीस तीर्थकरो के पावन चित्र-चरित्र-पूजा-गुणानुवाद स्तवन मानव मात्र को अध्यात्म की गगा मे अवगाहन करा लोक परलोक दोनो को रत्नत्रय पाथेय दे आत्मोपलब्धि कराने मे समर्थ होगी। यत्र मत्र के विधि विधान का मणिकाँचन सयोग इस कृति को जहा ऐतिहासिक अमरता प्रदान करेगा, वही भौतिक जीवन की

समस्याओ के लिये वैज्ञानिक समाधान भी प्रस्तुत करेगा। नागार्जुन यत्र विधान तो विश्व विख्यात है ही इसका प्रकाशन भी ज्ञान-विज्ञान के नये क्षितिज खोलेगा।

ओकार ध्वनि रूप जिनवाणी के इन दुर्लभ वैज्ञानिक रूपो को प्रकाशित कर आप सचमुच ही वात्सल्य और प्रभावना अग स्वरूप सम्यक्त्व शिरोमणि हो रहे है। आचार्यश्री के चरणो मे मेरे कोटिश वदन तथा जिनवाणी सेवा के लिये-आपको अनेकानेक साधुवाद।

—अक्षयकुमार जैन

साहू श्रेयांसप्रसाद जैन

निर्मल बिल्डिंग ३, फ्लोर
नरिमन पाइन्ट,
बम्बई ।

दिनाक १३अप्रेल, १६८२

यह जानकर प्रसन्नता हुई कि समिति के प्रयास से "श्री चतुर्विशति तीर्थकर अनाहत यत्र मत्र विधि" नामक पुस्तक का प्रकाशन किया जा रहा है। आपका यह प्रयास प्रशसनीय है।

मुझे आशा है, ऐसे प्रकाशन से समाज को यत्र मत्र विधि की सम्यक जानकारी समुपलब्ध हो सकेगी एव इसका उपयोग समयानुसार किया जा सकेगा। आपका यह प्रकाशन जनकल्याणकारी सिद्ध हो, यही मेरी शुभ कामना है।

श्रेयांसप्रसाद

सरसेठ श्री भागचन्द सोनी

अजमेर
दिनाक १३-४-८२

ग्रन्थ माला समिति द्वारा मंत्र शास्त्र का प्रकाशन करने के समाचार अवगत कर प्रसन्नता हुई ।

मै इसकी सफलता की कामना करता हू और आशा करता हू कि जिस उद्देश्य से यह पुस्तक प्रकाशित हो रही है उससे सब लाभान्वित होगे ।

सधन्यवाद ।

भागचन्द सोनी

वाद किया जो यह आपके सम्मुख प्रस्तुत है। यह छोटी सी पुस्तक लोकोपयोगी है। जैन समाज अवश्य ही इससे लाभान्वित होगा। इस पुस्तक मे वर्णित यत्र व मत्र मे कही-कही कमी भी हो सकती है। मैंने अपनी बुद्धि के द्वारा सशोधित किया है, फिर भी कही कमी रह गई हो तो यत्र मत्र के ज्ञाता विद्वान सुधार लेवे और मुझे छद्मस्थ जानकर क्षमा करें। इस ग्रंथमाला से इस विषय पर यह दूसरी पुस्तक निकल रही है, जिसका श्रेय इस ग्रथ-माला के अच्छे-अच्छे कर्मठ व्यक्ति श्री शान्तिकुमारजी गगवाल व श्री लल्लूलालजी गोधा आदि को है। इस ग्रथमाला का कार्य बहुत ही सुन्दर एव सुनियोजित ढग से सम्पन्न हो रहा है। मेरा इनको पूर्ण आशीर्वाद है कि यह इस कार्य में निरन्तर उन्नति करते रहे एव जैनधर्म की प्रभावना मे सतत् प्रयत्नशील बने रहे।

श्री १०८ गणधराचार्य
कुन्थुसागर

प्रस्तावना

संसारी जीवो में आत्मज्ञानी जीव सतत परमात्म-स्वरूप की प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील है। यह जीव स्व-स्वरूप का पूर्ण ज्ञाता होते हुए भी पुद्गल कर्मों के बन्धन से स्वयं को मुक्त करने मे कैसा पुरुषार्थ करे? क्या विचार करे? किस विधि को अपनायें? ये प्रश्न अज्ञानतावश वा ज्ञानावरण कर्म के क्षयोपक्षमोपलब्धि के अभाव के कारण उसके सम्मुख है। ज्ञानावरण का क्षयोपक्षम, धर्मध्यान, शुक्लध्यान और मोक्षप्राप्ति के उपायो को आत्मसात् करने की दृष्टि से, स्वात्मध्यान की ओर अग्रसर होने के लिए, स्वात्मपरिणामो मे प्रथम एकाग्रता तदनन्तर चिन्तानिरोध की प्राप्ति के लिए मन्त्रो एव यन्त्रो का उपयोग किया जाता रहा है। पञ्चपरमेष्ठीवाचक णमोकार मन्त्र को इस युग के श्रुतज्ञान परम्परा के प्रतिष्ठापक मुनि श्री १०८ धरसेनाचार्य ने अनादि निधन कहा है। इस मन्त्र के प्रति अनादिनिधन शब्द का प्रयोग शब्दात्मक पुद्गल के पर्याय का परिवर्तन एवं उसका ध्रौव्य पुद्गल द्रव्यात्मकता होने से त्रिकालाबाधित सत्य की कसौटी पर आज के वैज्ञानिक साधनो के द्वारा सिद्ध हो गया है।

धवलादि ग्रन्थो के प्रणेता मुनि श्री १०८ धरसेनाचार्य ने भी अपने शिष्यत्व को धारण करने की योग्यता की परीक्षा के लिये आये हुये मुनि श्री भूतबली एव पुष्पदन्त की परीक्षा "मन्त्रसाधना" विधि से की थी। उनके मन्त्रसिद्धि के अनुसार सार्थकता प्राप्त हुये नाम भी है। परीक्षा मे साफल्य प्राप्ति के अनन्तर ही उन्हे श्रुत का ज्ञान कराया गया था। इसलिये मन्त्रशास्त्र भी द्वादशागरूप श्रुत के विद्यानुवाद नामक का विषय रहा है। मन्त्रसाधना के द्वारा ही हम एकाग्रता को प्राप्त करते हुये क्रमशः मोक्ष सोपान पर आरूढ़ हो सकते है।

मन्त्र का जाप उसकी शुद्धि, सकलीकरण एवं विधि-विधानपूर्वक करने पर ही मन्त्रसिद्धि प्राप्त हो सकती है जो लौकिक वाञ्छापूर्ति तथा आत्मोन्नति मे निमित्त बन सकती है। मन्त्र मे निहित वाक्य, शब्द, अक्षर एवं उनकी रचना ये सब अपनी विशेषता, शक्ति एवं कार्य वैशिष्टोत्पादन के वैचित्र्य से समावेशित है। अरिहन्त की दिव्यध्वनि ॐ एकाक्षरी बीजात्मक होती है, जिसमें समस्त त्रैलोक्य स्थित पदार्थ ज्ञान का बोध होता है। अतः मन्त्र, यन्त्र एव तत्सम्बन्धी शक्ति की विद्यमानता को सम्बल प्रमाण से सिद्धता प्राप्त है।

ध्वनि एवं आकृति की शक्ति को वैज्ञानिको ने भी

तरंगों के माध्यम से सम्पूर्ण जगत् के समक्ष प्रदर्शित किया है। हम सभी उन शक्तियों के उपयोग से दैनिक जीवन मे लाभान्वित है। मन्त्रध्वनि एवं यन्त्राकृति भी आत्मा के परिणामो के परिस्पन्दन के (Vibrations) निमित्त से उत्पन्न पुद्गल में (Matter) परिवर्तन है, और वह असीमित, अलौकिक तथा अप्रतिहत शक्ति है, जिसके द्वारा अन्य पदार्थ अथवा प्राणियो को भी तदनुरूप कार्य वैचित्र्य मे परिवर्तित किया जाना है। उसे ही चमत्कार रूप मे समझा जाता है। वाह्य विषयो की ओर जिनकी दृष्टि है वे मन्त्रो का उपयोग वाह्यनिमित्त की अपेक्षा रखते हुए करते है किन्तु अन्तर्मुखी जन स्वात्मोन्नति मे उसे निमित्त बनाते है।

सत्य यह है कि आज मंत्र, मंत्र की ध्वनि, उसका उच्चारण, यंत्र की रचना का ज्ञान, उसकी आकृतिमूलकता का परिज्ञान इत्यादि के सम्बन्ध मे अनभिज्ञता है। अतः तत्सम्बन्धी शक्ति की प्राप्ति करने वाले संतपुरुषो का दर्शन होना भी दुर्लभ है। सिद्धियां, अणिमादि ऋद्धियां प्राप्त करने के इच्छुक एवं तत्सम्बन्धी साधक ज्ञान प्रदाता गुरुओ की उपलब्धियाँ आज के युग की प्रमादवशता एवं परोपकार-हीनता की भावनाओ के कारण नगण्य परिणामात्मकता को प्राप्त होती जा रही है।

मंत्र के उच्चारण से उत्पन्न हुई तरङ्गों के आकृति की रचना (Photograph of Vibrations) ही यन्त्र का प्रतिरूप है। हम चांदी, ताम्रादि पत्रो पर लिखित मन्त्र को यंत्र कहते है किन्तु वह तो केवल मंत्र का स्मरण रहे इस उद्देश्य का प्रतिरूपक है। वास्तविकता मे ध्वन्यात्मक उच्चारण से आकाशस्थित वायु के माध्यम में कम्पायमान तरंगो से जो आकृति रचित हो उसका ज्ञान जो स्वात्मज्ञान के द्वारा होगा वही उस यत्र का ज्ञान है। उस यंत्र में लौकिक कार्य सम्पादन शक्ति अन्तर्निहित है। उस शक्ति से ही ताम्रपत्रादि में चमत्कारिकता को प्रगट किया जा सकता है। वही आत्मशक्ति के प्रभाव का द्योतन करती है।

मंत्र-यंत्र एव तंत्र का विषय त्यागी, तपस्वी, साधुजन ही कर सकते है लेकिन उनका उद्देश्य स्वात्मस्वरूप प्राप्ति मुख्य होता है और धर्म प्रभावना हेतु उसका चमत्कारिक प्रयोग यथावसर स्वयमेव होता है।

श्री दिगम्बर जैन कुंथु विजय ग्रन्थमाला समिति चतुर्विशति तीर्थंकर अनाहत यंत्र-मत्र विधि नामक यह ग्रंथ द्वितीय पुष्प रूप मे प्रकाशित कर रही है। यह सभी के द्वारा सराहनीय प्रयास माना जायेगा। मत्रो के अक्षरादि मंगलमय होते है, मङ्गलता के वाचक होते है और

मङ्गलकारी होते है। अतः यह सभी प्राणिमात्रों के लिये मङ्गलकारी बने। धर्म प्रभावना मे संलग्न ग्रंथमाला के अधिकारीवृन्द एव सदस्यो का प्रयत्न सराहनीय है। वे सतत ऐसे शुभ कार्यों के द्वारा धर्म एवं ज्ञान की सेवा करते रहे यही शुभकामना है।

भवदीय,
आचार्य महादेव धनुष्कर
जैनदर्शनाचार्य, साहित्याचार्य,
एम ए,, बी, एस-सी,
आयुर्वेदरत्न।

श्रद्धा भक्ति विनय पूर्वक
प्रकाशन सयोजक
के

दो शब्द

परम पूज्य समाधि सम्राट तीर्थभक्त शिरोमणि १०८ परम्पराचार्य परमेष्ठी श्री महावीरकीतिजो गुरु महाराज, भारत गौरव विद्यालकार सम्यक्त्व चूडामणि श्री १०८ आचार्यरत्न देशभूषण जी महाराज, निमित्तज्ञान शिरोमणि श्री १०८ आचार्य विमल सागरजी महाराज श्री १०८ आचार्यरत्न धर्मसागरजी महाराज, श्री १०८ सन्मति सागरजी महाराज श्री १०५ गणिनी आर्यिका विदुषी रत्न, सम्यकज्ञान शिरोमणि, सिद्धान्त विशारद विजयमति माताजी व अन्य समस्त साधुओ के पावन पवित्र चरण कमलो मे सविनय श्रद्धा भक्ति त्रियोग पूर्वक विचार नमोस्तु अर्पित कर पुस्तक प्रकाशन के बारे मे दो शब्द लिख रहा हू ।

प्रस्तुत पुस्तक श्री चतुर्विशति तीर्थंकर अनाहत यंत्र मत्र विधि

का कन्नड भाषा से हिन्दी भाषा मे अनुवाद परम पूज्य श्री १०८ गणधराचार्य कुंथुसागर जी महाराज ने बहुत ही कठिन परिश्रम से किया है। पुस्तक मे चौवीस तीर्थकरो के चित्र, मत्र, विधि, उनसे प्राप्त फल व उनके यत्र प्रकाशित किये गये है। नागार्जुन यत्र विधान व उसके यत्र भी प्रकाशित किये गये है।

आज के इस भौतिक युग मे तीर्थकर भगवान की श्रद्धासहित इन मत्रो यत्रो के माध्यम से आराधना करने से मनुष्य सुख व शान्ति को प्राप्त कर सकता है। हमारे वीतराग धर्म की ओर लोगो की आस्था कम हो गई है और मिथ्या धर्मो की ओर समाज का झुकाव अधिक होता जा रहा है। सामाजिक वातावरण अत्यन्त दयनीय है। सभी मिथ्या देव शास्त्र गुरु की पूजा मे सलग्न है। क्योकि लोगो मे श्रद्धान पाया जाता है कि इनसे ही हमारा सकट टल जावेगा। परन्तु ऐसा होता नही है। सच्चे वीतराग धर्म के प्रति लोगो मे आस्था बने इसलिये जन कल्याण की भावना को ध्यान मे रखकर परमपूज्य श्री १०८ गणधराचाय कुथुसागरजी महाराज साहब ने प्रस्तुत पुस्तक का अनुवाद करके महान उपकार किया है। आचार्य महाराज के इस महान कार्य के लिये हम सभी कृतज्ञ है। आचार्य महाराज के दर्शन कर, मुझे कवि भागचन्द जी द्वारा लिखित भजन 'ऐसे साधु सुगुरु कब मिलि है" "आप तरे और परको तारे निस्प्रेही निर्मल है, की याद आ जाती है। आचार्य कुथु सागर जी महाराज ने वर्ष १९७२ मे जयपुर स्थित राणाजी की नशियां खानिया मे विशाल सघ के साथ चातुर्मास किया था तभी से मेरे ऊपर विशेष कृपा रही है। समता, वात्सल्य तथा निर्ग्रन्थता आपके

विशेष गुण है। आचार्य कुंथुसागर जी महाराज व विजयमति माताजी के नाम पर ही इस ग्रंथ माला समिति का नाम रक्खा गया है। ग्रथ माला समिति का यह दूसरा महत्वपूर्ण प्रकाशन है। जिसका प्रकाशन आज तक नही हुआ है। समिति द्वारा लघुविद्यानुवाद (यत्र मत्र, तंत्र, विद्या का एक मात्र सदर्भ ग्र थ) का प्रथम प्रकाशन श्री बाहुबली महामस्तकाभिषेक के पावन पुनीत अवसर पर करवाया गया था। जिसका विमोचन निमित्तज्ञान शिरोमणि श्री १०८ आचार्य विमलसागरजी महाराज साहब के कर कमलो द्वारा हुआ था।

श्री १०५ क्षुल्लक सिद्ध सागर जी महाराज (मोजमाबाद) का भी बडा आभारी हू। आपकी वृद्ध अवस्था होते हुए भी आपने अमूल्य समय मे से समय निकालकर पुस्तक का अवलोकन कर मुझे मार्ग दर्शन दिया।

श्री १०५ क्षुल्लक सन्मति सागर जी "ज्ञानानन्द जी" महाराज ने भी अपने अमूल्य समय मे मे समय निकालकर मुझे सहयोग प्रदान किया है। मैं उनका बडा आभारी हू। क्षुल्लक महाराज बहुत ही ज्ञानी व सहयोगी प्रवृति के साधु है। भगवान महावीर के २५०० वां निर्वाण महोत्सव वर्ष मे हमारे द्वारा आयोजित चौबीस भगवान के जन्म जयन्ती महोत्सवो मे चौबीस भगवान की चौबीस पुस्तकें लिखकर हमे प्रदान की थी जिसे हम प्रत्येक जयन्ती के अवसर पर प्रकाशित करवा सके थे। अपने आप मे यह महान कार्य था जो हम आपके सहयोग से निर्विघ्न रूप से बहुत ही शानदार महोत्सवो के साथ पूर्ण करने मे सफल हुए।

ग्रथ माला समिति के प्रकाशन कार्यो मे प्रबन्ध सम्पादक श्री लल्लूलालजी जैन गोधा का बडा आभारी हूं, कि आप अपने व्यस्त कार्यक्रमो में से समय निकाल कर सहयोग प्रदान कर रहे है। श्री गोधा जी जयपुर जैन समाज मे धार्मिक व सामाजिक कर्मठ कार्य कर्त्ताओ मे से एक है।

ग्रन्थ माला समिति के कार्यो मे आदरणीय श्री मोतीलाल जी हाडा बहिन श्रीमती कनक प्रभाजी हाडा, श्री भागचन्द जी छावड़ा, श्री हीरालाल जी सेठी, श्री कपूरचन्द जी पाड्या, श्री राजकुमार जी बोहरा श्री लूणकरण जी पापडीवाल, श्री रमेश चन्दजी जैन का भी बडा आभारी हू कि जिन्होने समय समय पर मेरे को पूर्ण सहयोग प्रदान किया है। इसके अलावा अन्य महानुभावो ने जिन्होने सहयोग प्रदान किया उन सभी को धन्यवाद देता हूं।

मेरी धर्म पत्नि श्रीमती मेमदेवी गगवाल व सुपुत्र श्री प्रदीप कुमार गगवाल का भी बडा आभारी हू कि जिन्होने मुझे गृह कार्य से मुक्त रखकर प्रकाशन कार्यो मे सहयोग प्रदान किया है। आचार्य महाराज के आशीर्वाद से श्री प्रदीप कुमार ग..वाल द्वारा की गई सेवाए काफी प्रशसनीय है। अपने अध्ययन कार्य मे व्यस्त होते हुए भी ग्रन्थ माला मे व्यवस्थापक पद पर कार्य करके अपने कर्त्तव्य को निभाया हे।

प्रकाशन कार्य मे हमारे आर्टिस्ट श्री पुरुषोत्तम जी शर्मा को भी धन्यवाद देता हू। जिन्होने अपनी सुन्दर कला से ग्रन्थ मे प्रकाशित सभी चित्रो को प्राथमिकता देकर बनाने मे सहयोग प्रदान किया है।

आदरणीय पण्डित साहब श्री धनुषकर जी आचार्य संस्कृत कालेज जयपुर को भी धन्यवाद देता हू कि जिन्होने अपने व्यस्त समय मे से समय निकालकर पुस्तक प्रकाशन कार्य मे सहयोग देने के साथ ही प्रस्तावना लिखने की कृपा की है। आशा है आपका सहयोग हमे इसी प्रकार भविष्य में भी मिलता रहेगा। श्री महावीर प्रसाद जैन, प्रोप्राईटर मूनलाइट प्रिन्टर्स जयपुर को भी धन्यवाद देता हू कि जिन्होने पुस्तक की छपाई का कार्य समय पर करके सहयोग प्रदान किया है।

ग्रन्थ माला समिति द्वारा प्रकाशन कार्यो को बहुत ही सावधानी पूर्वक देखा गया है फिर भी कमिया रहना स्वाभाविक है। मेरा स्वयं का अल्पज्ञान हे और पुस्तक मे प्रकाशित सामग्री मेरे सामान्य ज्ञान की परिधि के बाहर है। आचार्य महाराज व माता जी की प्रेरणा व आशीर्वाद से यह कार्य कर रहा हू अत कमियो व त्रुटियो के लिये क्षमा करेगे।

साधुगण विद्वतजन व पाठकगण जो भी इसमे त्रुटिया रही हो या कोई सुझाव हो तो कृपया श्री १०८ गणधराचार्य कुन्थु-सागरजी महाराज को सूचित करने की कृपा करें जिससे आगामी प्रकाशन मे उनको दूर किया जा सके।

ग्रन्थ माला समिति की ओर के सभी दातारो से भी निवेदन करता हू कि हमे आर्थिक सहयोग प्रदान करें, क्योकि हमारी भावना है कि इस ग्रन्थ माला समिति से और भी महत्वपूर्ण ग्रंथो का प्रकाशन हो जिसका प्रकाशन आज तक नही हुआ है।

पुस्तक प्रकाशन के लिये जिन जिन ने आशीर्वाद एवं शुभकामनाए भेजी है, मैं उन सभी का बडा आभारी हू और आशा करता हूं कि भविष्य मे भी आपका इसी प्रकार सहयोग मिलता रहेगा।

अन्त मे श्री १०८ गणधराचार्य कुन्थुसागर जी महाराज की आज्ञा से भारत गौरव, विद्यालकार, सम्यक्त्व चूडामणि परमपूज्य १०८ आचार्यरत्न श्री देशभूषण जी महाराज के कर कमलो मे यह पुस्तक विमोचन हेतु समर्पित करते हुए आज मैं अत्यन्त प्रसन्नता का अनुभव करता हूं कि आचार्य महाराज की आज्ञानुसार मैंने इस कार्य को करके सफलता प्राप्त की है।

पुन. नमोस्तु एव आशीर्वाद की भावना के साथ।

गुरुभक्त सगीताचार्य

शान्ति कुमार गगवाल बी काम

प्रकाशन सयोजक

प्रबन्ध सम्पादक के दो शब्द

कुन्थु विजय ग्रन्थ माला समिति का प्रथम पुष्प "लघविद्यानुवाद" (यत्र, मत्र तत्र विद्या से सम्बन्धित एक मात्र सन्दर्भ ग्रन्थ) जिसके सग्रहकर्त्ता श्री १०८ आचार्य गणधर श्री कुन्थुसागर जी महाराज एव श्री १०५ गणनी आर्यिका श्री विजयमती माताजी का प्रकाशन किया जा चुका है जिसका विमोचन श्री १०८ आचार्य सन्मति दिवाकर निमित्त ज्ञान शिरोमणि विमलसागर जी महाराज के कर कमलो द्वारा श्रवणवेलगोला, चामुण्डराय मण्डप मे भगवान बाहुवली सहस्राव्दी महामस्तकाभिषेक के पुनीत अवसर पर दि० २४/२/८१ को हुआ है।

ऐसे दुर्लभ ग्रन्थ के प्रकाशन के एक वर्ष पश्चात कुन्थु विजय ग्रन्थमाला का द्वितीय पुष्प चतुर्विशति तीर्थ कर यत्र मत्र विधि जिसे कन्नड भाषा से हिन्दी मे प्रथम बार अनुवाद श्री १०८ गणधराचार्य कुन्थुसागर जी महाराज ने बहुत ही कठिन परिश्रम से किया है। इस प्रकार का प्रकाशन आज तक नही हुआ।

पुस्तक के कलेवर को देखने पर मुझे भी बडा आश्चर्य हुआ क्योकि मैने इस प्रकार की सामग्री पहिले कभी नही देखी थी।

यह प्रकाशन भी जयपुर स्थित श्री पार्श्वनाथ चूलगिरी क्षेत्र, पचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव के पुनीत अवसर पर किया जा रहा है, पुस्तक मे चौवीस तीर्थ करो के यत्र विधि व उनके यत्र प्रकाशित किये गये है, जिसकी श्रद्धा सहित आराधना करने से आज के इस भौतिक युग मे कई प्रकार के कष्ट निवारण हो सकते है, और मनुष्य सुख व शान्ति को प्राप्त कर सकता है। यह पुस्तक जन कल्याण के लिये बहुत ही उपयोगी रहेगी।

ग्रन्थ मे सकलित सामग्री मेरे सामान्य ज्ञान की परिधी से बाहर है, तथा मै इस सामग्री के बारे मे बिल्कुल अनविज्ञ था, लेकिन महाराजश्री के आदेशानुसार श्री शान्ति कुमार जी गगवाल को मैने भी इस कार्य मे सहयोग देने का आश्वासन देकर ग्रन्थमाला समिति के प्रकाशित पुस्तक द्वितीय (प्रबन्ध सम्पादक के पद को स्वीकार करते हुये ग्रन्थ के प्रकाशन करने मे समय लगाया है। मै प० महादेव धनुषकर आचार्य श्री दिगम्बर जैन सस्कृत कालेज जयपुर का अत्यन्त आभारी हू, जिन्होने पुस्तक के कलेवर को सुचारु रूप से शीघ्र प्रकाशन कराने मे सहयोग दिया है।

ग्रथ के मुद्रण मे कई त्रुटियो का रहना स्वाभाविक है, और त्रुटिया रही भी होगी, वे सव मेरी अल्प बुद्धि के कारण है, अत साधुवर्ग विद्वतजन, पाठकगण से क्षमा चाहता हू ।

अक्षय तृतीया, दिनाक २६-४-८२
४६६, प० चैनसुख दास मार्ग
किशनपोल बाजार, जयपुर

लल्लूलाल जैन गोधा
प्रबन्ध सम्पादक

तीर्थंकर भगवान की आराधना से

तीर्थ कर परम्परा अनादि काल से प्रचलित है। अक्षुण्ण रूप से अनादि काल तक चलती रहेगी। भरत क्षेत्र की अपेक्षा अनतानत चौबीस व्यतीत हो चुकी है। एक कल्प काल मे तीर्थङ्कर भगवान चौबीसी ही होते है। सामान्य आत्माओ ने तीर्थङ्कर बन कर अपने समग्र कार्यो की सिद्धि कर सच्चे सुख को पा लिया है। जो भी भव्य आत्मा तीर्थङ्करो की पूजन, स्तुति, ध्यान करता है वह भी अपने इच्छित कार्यो की सिद्धि करता हुआ मोक्षमार्ग पर अग्रसर होता है। यद्यपि तीर्थ कर भगवान पच परमेष्ठी किसी को कुछ देते नही है। क्योकि वह वीतरागी है देना, लेना काम तो सरागियो का है। फिर भी भगवान की भक्ति के प्रभाव से सचित पुण्य के कारण रक्षक देवगण भगवान के भक्तो की मनोकामना यथाशक्ति पूर्ण करते है। उदाहरण के लिये—

१. आदिप्रभु की भक्ति मे लीन नमि और विनमि को धरणेन्द्र द्वारा उत्तर एव दक्षिण श्रेणी के राज्य की प्राप्ति हुई।

२ राजा के द्वारा ४८ कोठो के अन्दर बन्द आचार्य मानतु ग स्वामी ने भगवान की भक्ति के प्रभाव से मत्र स्वरूप भक्तामर स्तोत्र की रचना करते ही बधनो से मुक्ति प्राप्त की।

३ एकीभाव मे निमग्न वादिराज स्वामी भक्ति के प्रभाव से क्षण-मात्र मे कुष्ठ रोग से मुक्त हो गये।

४ चौवीस तीर्थ करो की भक्ति मे लीन सम्यक दृष्टि समन्तभद्र स्वामी ने स्वयभ स्त्रोत की रचना करते हुये नमस्कार किया

ध्यान की एकाग्रता के कारण पिंडी फट कर चौमुखी चन्द्रप्रभु भगवान प्रकट हो गये।

शील व्रती सेठ सुदर्शन को रानी के बहकावे मे आकर राजा द्वारा शूली पर चढाया गया परन्तु सत्यता मे किये हुये तीर्थङ्कर भगवान के स्मरण मात्र से शली सिहासन रूप मे परिवर्तित हो गयी।

सप्त व्यसनो का सेवन करने वाला, वेश्या मे तीव्र आसक्त अजन चोर रानी का हार चुराकर ले जाते हुये मार्ग मे एक व्यक्ति को विद्या सिद्ध करते हुये देखकर तीर्थ कर भगवान के प्रति अटल श्रद्धान मात्र से अजन चोर निरजन बन गया।

अहिसा व्रत मे निश्चल यमपाल चाण्डाल को राजा द्वारा तालाब मे फिकवा दिया गया परन्तु भक्ति एव श्रद्धा के प्रभाव से तालाब मे देवो के द्वारा कमलासन पर विराजमान कर दिया गया।

जहाज से देशान्तर को गमन करते हुये सेठ के द्वारा जहाज के समुद्र मे गिराये जाने पर तीर्थ कर भगवान की अर्चना-आराधना के प्रभाव से छह महीने अथाह समुद्र मे तैरने के उपरान्त भी श्रीपाल समुद्र के किनारे धरातल पर पहु च गये।

तीर्थंकर भगवान की पूजन-भक्ति मे निमग्न सेठ धनञ्जय ने सर्प के द्वारा काट लेने पर विष से ग्रसित अपने मृतक पुत्र को विषापहार स्तोत्र की रचना कर क्षण भर मे जीवित कर दिया।

धवल सेठ के द्वारा श्रीपाल को भांड घोषित किये जाने पर राजा के द्वारा कोटीभट श्रीपाल को फासी पर चढा दिया गया परन्तु तीर्थ कर भगवान के ध्यान के प्रभाव से देवो के द्वारा शूली को सिहासन के रूप मे परिवर्तित कर दिया गया।

१० राजा के द्वारा यौद्धराज दीवान को वृक्ष से बांध कर तोप के गोलो से मारने की आज्ञा दे दी परन्तु तीर्थंकर भगवान की भक्ति के प्रभाव से तोप के दहकते हुये गोले धुआ रूप मे परिवर्तित हो गये।

११ श्रुतसागर मुनिराज से वाद विवाद मे विजित होने पर वलि ब्राह्मण ने अपमान का वदला लेने के लिये रात्रि मे ध्यान मे लीन मुनिराज पर तलवार से वार करने को ज्योही हाथ उठाया कि भगवान के ध्यान की निमग्नता से वन देवता ने ज्यो का त्यो कीलित कर दिया।

१२ सती सोमा के शील की परीक्षा के लिये मगाया गया सर्प तीर्थङ्कर भगवान के स्मरण मात्र से घडे मे रखा हुआ काला नाग श्रद्धालु सोमा के हाथ का स्पर्श होते ही गले का हार वन गया।

१४ 'यह मेरी सौत है' इस प्रकार लाञ्छन लगाकर हथकडी वेडियो से जकड कर तथा सिर के वाल कटवा कर सती चदना को सेठानी के द्वारा अधेरी कोठरी मे डलवा दिया गया परन्तु तीर्थकर भगवान की स्तुत्याराधना के प्रभाव से भगवान महावीर का दर्शन होते ही हथकडी-वेडी सुन्दर आभूषणो के रूप मे तथा कोदो के छिलके नाना प्रकार के व्यजन रूप मे परिवर्तित हो गये।

१५ गर्भावस्था मे सास के द्वारा कलकित कर सती अजना को जगल मे छोड दिया गया परन्तु तीर्थकर भगवान की अर्चनाराधना के प्रभाव से वनवास के अनेको कष्ट तथा २२ वर्ष से पति वियोग से पीडित सती अन्जना का पति वियोग दूर हो गया।

१६ लोकापवाद के भय से रामचन्द्र जी के आदेशानुसार शीलव्रती

सती सीता अग्नि-कुंड मे प्रवेश कर गयी परन्तु तीर्थंकर भगवान की भक्ति के प्रभाव से आकाश मार्ग से गमन करते हुये देवो के द्वारा अग्नि-कुंड को जल-कुंड के रूप मे परिवर्तित कर दिया गया तथा सीता को कमलासन पर विराजमान कर दिया गया।

१७ शीलव्रत पालन मे अग्रणीय सती मनोरमा को सास के द्वारा लाछित किया गया परन्तु तीर्थंकर प्रभु की स्तुत्याराधना के प्रभाव से देवो के द्वारा नगरी के मुख्य द्वार पर लगाये गये वज्रमयी कपाट सती मनोरमा के पैर के अंगूठे का स्पर्श होते ही खुल गये।

१८ पिता के द्वारा रुष्ट होकर जगल मे कुष्ट रोग मे पीडित श्रीपाल को व्याही गयी मैनासुन्दरी तीर्थंकर भगवान की भक्ति आराधना से सातसौ साथियो सहित श्रीपाल का कुष्ट रोग दूर करने मे सफल हुई।

१९ अपमान का वदला लेने की भावना से दुःशासन के द्वारा भरी सभा मे द्रौपदी का चीर खींचे जाने पर तीर्थंकर प्रभु के स्मरण ध्यान के प्रभाव से द्रौपदी का चीर वढता ही चला गया।

२० हाथी पर सवार होकर नदी पार करते समय हाथी को मगर मच्छ के द्वारा पकड लिया गया उस समय सती सुलोचना ने तीर्थंकर प्रभु के स्मरण मात्र से क्षण भर मे सकट दूर कर दिया।

२१ वौद्ध की अनुयायी रानी बुद्धदासी के द्वारा यह कहने पर कि जैन धर्म का रथ पीछे चलेगा हरिषेण की माता को तीर्थंकर भगवान की भक्ति के प्रभाव से देवो के द्वारा जैनधर्म का रथ आकाश मार्ग से निकाल कर धर्म की प्रभावना की गयी।

२२ मुह मे कमल की पाखुडी दवा कर भगवान महावीर के समोशरण मे जाते हुये राजा श्रेणिक के हाथी के पैर तले दव जाने पर भगवान की भक्ति के प्रभाव से मेढक मर कर स्वर्ग मे देव हुआ।

२३. शिखर जी की यात्रा मे गये निर्धन देवपत्त और खेवपत दोनो भाइयो द्वारा सम्मेद शिखर की टोको पर चढाये हुये ज्वार के दाने भक्ति के प्रभाव से मोती रूप मे परिणमित हो गये।

२४ कुछ ही वर्ष पूर्व श्री आचार्य धर्मसागर जी महाराज के सघ मे श्री मुनिराज वर्धमान सागर जी महाराज जी के नेत्रो की रोशनी पूर्ण रूप से चली गयी थी। महाराज श्री यह प्रतिज्ञा कर ध्यान मे लीन हो गये कि आँखें खुलेगी तो आहार करूगा। ध्यान एव शाति भक्ति के प्रभाव से चौबीस घटे के अन्दर ही नेत्रो मे रोशनी आ गयी। यह सत्य घटना जयपुर नगर खानिया राजस्थान की है।

हरिश चन्द्र तोलिया
15, नवजीवन उपवन,
मोती डूंगरी रोड, जयपुर-4

मुनि महात्म्य

प्रथम पक्ष :

तपोनिधि मुनियो को प्रणाम करने से उच्च गोत्र मिलता है, उन्हे यथाविधि दान देने से भोग, उनकी उपासना द्वारा पूजा, उनकी भक्ति करने से सुन्दर रूप तथा स्तवन करने से कीर्ति प्राप्त होती है ।

द्वितीय पक्ष :

जो पुरुष वाणी के द्वारा मुनियो का तिरस्कार करते है वे दूसरे भव मे गू गे होते है, जो मन से अनादर करते है उनकी मानसिक शक्ति नष्ट हो जाती है । जो शरीर से तिरस्कार करते है उन्हे महान शारिरीक कष्ट भोगने पड़ते है । अत तप रूपी धन को धारण करने वाले मुनियो का कभी भी निरादर नही करना चाहिये ।

आत्म ज्ञान

जो आत्मा को जानता है वह सब शास्त्रो का ज्ञाता है ।
विषयो से रिक्त चितवाला योगी आत्मा को जान लेता है ।
आत्मा के अपने (शुद्ध) स्वभाव को ध्याओ ताकि जन्ममरण से छुटकारा मिल सके ।
आत्म ज्ञानी को उपदेश की आवश्यकता नही ।

परम पूज्य श्री १०८ गणधराचार्य कुन्थुसागरजी महाराज से गुरुभक्त प्रकाशन संयोजक शान्तिकुमार गंगवाल व उनकी धर्मपत्नि श्रीमति मेमदेवी गंगवाल, प्रबन्ध सम्पादक लल्लूलाल जैन गोधा प्रकाशन कार्य करने हेतु आशीर्वाद प्राप्त करते हुए ।

परमपूज्य श्री गणिनी १०५ आर्यिका विजयमति माताजी से गुरुभक्त प्रकाशन सयोजक शान्तिकुमार गगवाल व उनकी धर्मपत्नि श्रीमति मेमदेवी गगवाल, प्रबन्ध सम्पादक लल्लूलाल जैन गोधा प्रकाशन कार्य करने हेतु आशीर्वाद प्राप्त करते हुए।

चौबीस तीर्थकर

तीर्थङ्कर चौबीस होते है। उनके ऋषभनाथ से लेकर श्रीमहावीर पर्यंत नाम है। उनकी पहचान के लिए प्रत्येक के अलग-अलग चिह्न होते है। ये चिह्न निम्न प्रकार है।

